>

Title: Regarding representation of Member of Parliament in 'Shasak Mandal' in educational institutions-laid.

**श्री विजय बघेल (दुर्ग):** मैं माननीय शिक्षा मंत्री से यह अनुरोध करना चाहूंगा कि जिस तरह से राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में शासक मंडल में जनप्रतिनिधि (क्षेत्रीय विधायक) को सदस्य के रूप में शामिल किया जाना अनिवार्य है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव यह होता है कि जनप्रतिनिधि: विद्यार्थी , शासक मंडल व शासन के मध्य सेतु के रूप में कार्य करते हुए उस शैक्षणिक संस्थान के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । ठीक उसी तरह शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले शैक्षणिक संस्थानों के शासक मंडल में जनप्रतिनिधि क्षेत्रीय) सांसद) को भी सदस्य के रूप में शामिल किया जाना चाहिए, यहाँ भी जनप्रतिनिधि विद्यार्थी, शासक मंडल व शैक्षणिक संस्थाओं में चलाये जा रहे केंद्र शासित योजनाओं के मध्य सेतु के रूप में कार्य कर सकें जिसका सार्थक व अनुकूल परिणाम देशव्यापी स्तर पर आपको समस्त केंद्र शासित शैक्षणिक संस्थाओं से प्राप्त होगा ।